भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †1278
सोमवार, 28 जुलाई, 2025/6 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**अमृतसर के लिए विशेष पर्यटन प्रोत्साहन पैकेज**

**†1278. श्री गुरजीत सिंह औजलाः**

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या अमृतसर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि यह न केवल पंजाब का प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि भारत की आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत की आत्मा है;

(ख) क्या सरकार का अमृतसर, पंजाब के लिए कोई विशेष पर्यटन प्रोत्साहन पैकेज शुरू करने का विचार है;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) बुनियादी ढाँचे, सुरक्षा और आतिथ्य मानकों को बढ़ावा देने और इसे प्रमुख घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन सर्किटों में शामिल करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जा रहे ठोस कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) विरासत स्थलों के विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आवंटित और संवितरित धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार ने वैश्विक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रचार के बारे में कोई जागरूकता अभियान शुरू किया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (च): पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन की एक उप -योजना और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक केन्द्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है; जोकि धन की उपलब्धता, योजना के दिशानिर्देशों का अनुपालन, राज्य सरकार द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्टो (डीपीआर) की प्रस्तुति के अधीन है।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' की अपनी पहल के तहत पर्यटन परियोजनाओं के विकास के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की है ।

अमृतसर में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

1. 2015-16 में अमृतसर में करुणा सागर वाल्मिकी स्थल का विकास।
2. 2023-24 में अटारी, अमृतसर में सीमा पर्यटन अनुभव।

पंजाब राज्य में स्वदेश दर्शन, एसडी2.0, प्रसाद, सीबीडीडी और एसएएससीआई योजना के तहत आवंटित और जारी की गई धनराशि सहित स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

सरकार ने अक्टूबर 2016 में क्षेत्रीय संपर्क योजना- उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस - उड़ान) शुरू की थी। इसका उद्देश्य भारत के लोगों के लिए विमान यात्रा करना किफायती बनाने के लिए देश के उन हवाई अड्डों से क्षेत्रीय हवाई संपर्क बढ़ाना है जहाँ हवाई सेवा उपलब्ध नहीं है और जहाँ हवाई सेवा कम है। इस योजना के तहत, पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, अमृतसर को कोलकाता, जयपुर और पटना से जोड़ने वाले मार्गों को पर्यटन - आरसीएस (टीआरसीएस) के अंतर्गत चालू किया गया। इन मार्गों को पर्यटन मंत्रालय द्वारा 100% व्यवहार्यता अंतर निधि (वीजीएफ) प्रतिपूर्ति से वित्त पोषित किया गया। इन मार्गों पर वितरित कुल वीजीएफ 47.09 करोड़ रुपये है।

पर्यटन मंत्रालय अपनी स्वैच्छिक वर्गीकरण योजना के तहत स्टार रेटिंग प्रणाली के अंतर्गत होटलों और रिसॉर्ट्स को वर्गीकृत करता है। इस प्रणाली के तहत, होटलों/रिसॉर्ट्स को एक स्टार से लेकर तीन स्टार, चार और पाँच स्टार (अल्कोहल के साथ या उसके बिना), पाँच सितारा डीलक्स, हेरिटेज (बेसिक), हेरिटेज (क्लासिक), हेरिटेज (ग्रैंड), लीगेसी विंटेज (बेसिक), लीगेसी विंटेज (क्लासिक), लीगेसी विंटेज (ग्रैंड) और अपार्टमेंट होटल की रेटिंग दी जाती है। उपरोक्त के अलावा, मंत्रालय आवास इकाइयों जैसे होमस्टे/बी एंड बी, गेस्टहाउस, टेंट आवास और पर्यटन सेवा प्रदाताओं जैसे ट्रैवल एजेंट, टूर ऑपरेटर, पर्यटक परिवहन ऑपरेटरों का भी वर्गीकरण/अनुमोदन करता है।

पिछले पांच वित्तीय वर्षों और चालू वित्तीय वर्ष के दौरान चंडीगढ़ सर्कल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्मारकों/स्थलों के संरक्षण और जीर्णोद्धार के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा आवंटित और वितरित धनराशि का विवरण नीचे दिया गया है:

**(राशि करोड़ रुपये में)**

| **वित्तीय वर्ष** | **आवंटन** | **व्यय** |
|---|---|---|
| 2020-21 | 0. 80 | 0. 80 |
| 2021-22 | 1. 50 | 1. 50 |

| | | |
|---|---|---|
| 2022-23 | 6. 53 | 6. 53 |
| 2023-24 | 11. 00 | 11. 00 |
| 2024-25 | 5. 65 | 5. 65 |
| 2025-26<br>(15.07.2025 तक) | 4. 00 | 3. 27 |

पर्यटन मंत्रालय ने देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और विविध आकर्षणों को जानने में रुचि रखने वाले यात्रियों और हितधारकों के लिए एक व्यापक संसाधन के रूप में अतुल्य भारत डिजिटल प्लेटफॉर्म (आईआईडीपी) का नया संस्करण लॉन्च किया है। आईआईडीपी के अंतर्गत एक एआई- संचालित उपकरण का प्रयोग किया जाता है, जो वास्तविक-समय मौसम अपडेट, शहर अन्वेषण और आवश्यक यात्रा सेवाएं प्रदान करके आगंतुक अनुभवों को वैयक्तिक रुप प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्रालय आईआईडीपी के मंच सहित विभिन्न माध्यमों से पंजाब सहित सभी पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देता है।

पोर्टल ने उड़ानों, होटलों, कैब और एएसआई स्मारकों के लिए बसों और टिकटों की निर्बाध बुकिंग के लिए कई ओटीए (ऑनलाइन ट्रैवल एजेंट) और हितधारकों के साथ भी साझेदारी की है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी नियमित रूप से डिजिटल प्रचार किया जाता है।

*******

**अनुबंध**

श्री गुरजीत सिंह औजला द्वारा अमृतसर के लिए विशेष पर्यटन प्रोत्साहन पैकेज के संबंध में दिनांक 28.07.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1278 के भाग (क) से (च) के उत्तर में **विवरण**

**प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि | उपयोग की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंजाब | अमृतसर में करुणा सागर वाल्मिकी स्थल का विकास | 2015-16 | 6.40 | 6.40 | 6.40 |
| 2. | पंजाब | रूपर, पंजाब में चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 | 30.52 | 21.93 | 21.93 |

**स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परिपथ/ स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | जारी/ प्राधिकृत की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब | विरासत परिपथ 2018-19 | आनंदपुर साहिब-फतेहगढ़ साहिब-चमकौर साहिब-फिरोजपुर-खटकड़ कलां-कलानौर-पटियाला का विकास | 85.32 | 81.05 |

**स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | राज्य | स्वीकृति वर्ष | गंतव्य | अनुभव का नाम | स्वीकृत राशि | प्राधिकृत राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब | 2023-24 | कपूरथला | कांजली वेटलैंड में इको टूरिज्म का अनुभव | 20.06 | 0.00 |
| 2. | पंजाब | 2023-24 | अमृतसर | अटारी में सीमा | 25.90 | 2.59 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पर्यटन का अनुभव | | |

**स्वदेश दर्शन योजना की एक उप-योजना-चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत | प्राधिकृत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंजाब | 2024-25 | हुसैनीवाला बॉर्डर, फिरोजपुर में सांस्कृतिक और विरासत मार्ग | 25.00 | 2.50 |
| 2. | पंजाब | 2024-25 | विरासत मार्ग - श्री आनंदपुर साहिब, रूपनगर में शांति और सद्भाव का प्रतीक | 24.90 | 2.49 |

**पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

**(राशि करोड़ रु में)**

| क्र. सं. | राज्य | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब | 2024-25 | शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह को श्रद्धांजलि स्वरूप एसबीएस नगर के खटकर कलां में हेरिटेज स्ट्रीट का विकास | 53.45 | 35.27 |

******